# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,

(मानद विश्वविद्यालय)

**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़, जयपुर-302002**

**फर्म का नामः** .................................................

**पताः** .................................................

.................................................

**निविदा प्रपत्र**

1. विषय : निविदा जिस कार्य/वस्तु के लिये दिया जा रहा है

   उसका नाम : **Rate Contract for supply of Specimen Storage Glass Jars.**

2. निविदादाता का पूरा नाम एवं पता : ..........................................................................

   ........................................................................................................................

3. प्रेषित अधिकारी/कार्यालय का नाम : कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर।

4. धरोहर राशि ..................... रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट नम्बर ............................ दिनांक ..................... Vice Chancellor National Institute of Ayurveda, Jaipur के नाम बनाकर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में जमा करा दिया गया है ।

5. मैं/हम निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी शर्तो को स्वीकार करते है और इससे बाध्य रहेगें ।

स्थानः

दिनांक

निविदादाता के हस्ताक्षर
(सूचक मय रबड़ स्टाम्प)

**राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर**

(मानद विश्वविद्यालय)

**भारत सरकार द्वारा संस्थापित**

**माधव विलास पैलेस, आमेर रोड़,**

**जयपुर–302002 (राजस्थान)**

**निविदा शर्ते**

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, **मानद विश्वविद्यालय**, जयपुर, भारत सरकार आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के अधीन है जो आयुर्वेद को आगे बढाये जाने एवं उसका विकास करने के लिए विशिष्ट योग्यताधारी अध्यापकों, वैद्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन, शोध कार्य करवाये जाने के साथ आयुर्वेद पद्दती से बिमारियों का ईलाज करता है, **संस्थान के प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग** तथा **शरीर रचना विभाग** में **Specimen Storage Glass Jars का** Rate contract करने के लिए बाजार **में कार्यरत** वैध लाइसेन्सधारी फर्मो से सम्पूर्ण विवरण सहित ई-निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा।

| क.सं. | कॉन्ट्रेक्ट का नाम | निविदा अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | **Rate Contract for supply of Specimen Storage Glass Jars** | **9,00,000/-** | **18,000/-** |

1. निविदादाताओं द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल पर निविदा निम्नलिखित प्रकार से भरी जायेगी –

| क्र.सं. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर भरने की प्रांरभ तिथि एवं समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 19-06-2024 3:00 PM बजे से |
| 2. | प्री-बिड मीटिंग तिथि एवं समय | 24-06-2024 3:00 PM बजे |
| 3. | निविदा ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि एंव समय (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) | 09-07-2024 3:00 PM बजे तक |
| 4. | निविदा धरोहर राशि का डी.डी. संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि | 09-07-2024 3:00 PM बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10-07-2024 3:00PM बजे |

2. निविदादाता को धरोहर राशि 18,000/– का बैंक ड्राफ्ट कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, आमेर रोड़, जोरावरसिंह गेट जयपुर-302002 (राजस्थान) के नाम प्रेषित करना अनिवार्य होगा, चैक व एफ.डी.आर. मान्य नहीं होगी तथा बिना धरोहर राशि/अपर्याप्त धरोहर राशि के अभाव में प्रारम्भिक रूप से ही निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात धरोहर राशि लौटा दी जावेगी।
3. MSME एवं Startups निविदादाताओं फ़र्मो को वैध दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण पर नियमानुसार MSME/Startups के प्रावधानों का पालन किया जाएगा।

4. मेक इन इंडिया उत्पादों को क्रय प्राथमिकता Class-1 स्थानीय आपूर्तिकर्ताओंए जैसा कि संबंधित नोडल मंत्रालय द्वारा विशिष्ट वस्तुओं/उत्पादों के लिए Public Procurement (Preference to Make in India), Order 2017 के क्रम में समय-समय पर संशोधित आदेशों एवं इसके बाद के आदेशों/अधिसूचनाओं में परिभाषित किया गया है, को प्राथमिकता दी जायेगी। Class-1 स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए न्यूनतम स्थानीय सामग्री 50% होनी चाहिए। यदि निविदादाता क्रय वरीयता का लाभ उठाना चाहता है तो OEM से सत्यापित प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा जिसमें स्थानीय सामग्री के प्रतिशत और उस स्थान का विवरण जहाँ स्थानीय मूल्यवर्धन किया जाता है, का उल्लेख हो। वांछित एवं वैध दस्तावेज के प्रस्तुत नहीं करने पर निविदादाता को क्रय प्राथमिकता प्रदान नही की जायेगी। एम.आई.आई. (मेक इन इंडिया) आदेश दिनांक 04.06.2020 के अनुसार केवल Class-1 एवं Class-II ही निविदा भरने के पात्र होंगे।
5. निविदा फार्म सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app एवं संस्थान की वेबसाईट www.nia.nic.in से डाउनलोड कर सीपीपी पोर्टल की वेबसाईट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर भरा जावेगा।। निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 09.07.2024 को मध्यान्ह पश्चात् 3:00 बजे तक रहेगी ।
6. निविदा की **Pre-Bid Meeting** इच्छुक संभावित निविदादाताओं के साथ संस्थान में दिनांक **24.06.2024** को 03:00 बजे रखी जायेगी। सभी इच्छुक संभावित निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे Pre-Bid Meeting से पहले या उसके 24 घंटे के भीतर लिखित में अपने सुझाव या प्रतिवेदन, अगर कोई हो तो संस्थान की Email ID: nia.centralstore7@gmail.com या store-nia-rj@gov.in पर भेजें या संस्थान मे उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।
7. अगर निविदादाता जिस सामान के दर अनुबंध के लिए निविदा जारी की गई है उसका स्वयं निर्माता नहीं है तो निविदादाता को निविदा में भाग लेने के लिए वास्तविक निर्माता (OEM) से अनुज्ञा प्रमाण पत्र (MAF) या अधिकृत डीलरशिप का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।
8. निविदा की फाईनेन्सियल एवं टेक्नीकल बिड पृथक्-पृथक् होगी। फाईनेन्सियल बिड में आमंत्रित की गई निविदा की दरें होगी जो **CPP Portal** पर **Online** भरी जायेगी तथा टेक्नीकल बिड में निविदा में चाहे गये वांछित दस्तावेज होगें जो ऑनलाइन ही अपलोड करने होंगे।
9. निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा में फर्म का जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र (GST Registration Certificate), फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र, विगत 03 वर्षो के आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र (Income Tax Return Certificates), फर्म का ब्लेकलिस्ट ना होने का शपथ पत्र / लेटर हेड पर घोषणा पत्र, संपर्क सूत्र (Contact No. & mail address) तथा विगत तीन वर्ष का फर्म का टर्नओवर इत्यादि से सम्बन्धित दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत करने होगें।
10. निविदा दाता को पिछले न्यूनतम 3 वर्ष से सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी कार्यालयों मे निविदा से संबंधित समान सामान की आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। इसके प्रमाणस्वरूप निविदादाता को पिछले 03 वर्षो मे प्राप्त क्रयादेशों / बिलों की प्रतियां तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होंगी।
11. निविदादाता फर्म का पिछले 3 वितीय वर्षो में न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नऑवर रूपये 4,50,000 (अक्षरे: रूपये चार लाख पचास हजार) होना चाहिए तथा इसके प्रमाण स्वरूप निविदादाता को सी.ए. से सत्यापित बैलेंस शीट या टर्नऑवर प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा दस्तावेजों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
12. निविदादाता को दरें निर्धारित **BOQ** में अंकों मे भर कर CPP Portal पर online upload करनी होगी। निविदा मे दरें डेसीमल मे मान्य नहीं होंगी तथा अंकों एवं सबदों मे लिखी दरों मे भिन्नता पाई जाने शब्दों मे लिखी दरें मान्य होगी।
13. निविदादाता फर्म को निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न सूची में अंकित सामान के सामने संस्थान द्वारा वर्णित एवं अधिमानित Specifications के अनुसार सामान की दरें भरनी होगी, Specifications मे भिन्नता वाले सामान को

स्वीकार नही किया जायेगा तथा ऐसी स्थिति में निविदा को निरस्त करने का अधिकार संस्थान के कुलपति महोदय को होगा।

14. प्राप्त निविदा की पहले टेक्नीकल बिड संस्थान निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष दिनांक 10-07-2024 को 3:00 PM बजे खोली जावेगी। टेक्नीकल बिड में सफल निविदादाताओं की ही फाईनेन्सियल बिड खोली जावेगी तथा असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
15. फाईनेन्सियल बिड में सफल निविदादाताओं द्वारा निविदा के अनुमानित मूल्य का 5 प्रतिशत सिक्यूरिटी राशि का डी.डी. कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के नाम से जमा करवाना अनिवार्य होगा एवं 500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टैम्प पैपर पर निविदा में निर्धारित अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करना होगा उसके बाद ही रेट कान्ट्रैक्ट आदेश दिया जाएगा एवं असफल निविदादाताओं की धरोहर राशि टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लौटा दी जावेगी।
16. निविदा मे स्वीकृत दर की प्रभावशीलता समाप्त होने एवं दिया गया आदेशित कार्य पूर्ण होने के 60 दिन बाद सिक्युरिटी राशि लौट दी जाएगी।
17. सफल निविदादाताओं द्वारा आदेश में अंकित दरों के अन्तर्गत आपूर्ति करनी होगा । आदेशित दरों पर आपूर्ति नहीं करने पर धरोहर राशि / सिक्युरिटी राशि जब्त कर ली जायेगी ।
18. फर्म द्वारा संतोषप्रद सप्लाई नहीं करने पर टेण्डर (निविदा) निरस्त किया जा सकता है ।
19. निविदा खुलने के बाद निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरें एवं शर्तो में कोई परिवर्तन किया जाता है तो संस्थान को अमानत/धरोहर एवं सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा तथा फर्म पर जीएफआर अनुसार कार्यवाही की जावेगी। फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी।
20. निविदा की फाइनेन्सियल बिड खोलने पर सभी आइटमों में जिस फर्म की ऑवरआल दरें न्यूनतम होगी उसी फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा।
21. न्यूनतम दर होने के आधार पर रेट कॉन्ट्रेक्ट करने के लिये या दर स्वीकृत करने के लिये संस्थान बाध्य नही होगा।
22. निविदा में अंकित दरें एक वर्ष के लिए मान्य होगी ।यदि फर्म का कार्य सन्तोषजनक पाया जाता है तो **Specimen Storage Glass Jars** के रेट कान्ट्रेक्ट को श्रीमान् कुलपति महोदय की स्वीकृति उपरान्त आपसी सहमति से एक-एक वर्ष कर के अधिकतम 03 वर्ष तक या उसके किसी भाग के लिए सामान दरों एवं नियम शर्तों पर अवधि वृद्वि की जा सकेगी तथा रेट कान्ट्रेक्ट की अवधि घटाये एवं बढ़ाने जाने का अधिकार श्रीमान कुलपति महोदय का होगा।
23. फर्म द्वारा दी गयी दर फ्री टु डोर डिलीवरी के अनुसार होगी।
24. **Specimen Storage Glass Jars** सप्लाइ करते समय रास्ते मे टूट-फूट की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
25. यदि न्यनूतम दर एक से अधिक फर्मो की आती है, तो ऐसी स्थिति में फर्मो का विगत तीन वर्षो के टर्नओवर में जिसका टर्नओवर अधिक होगा, उस निविदादाता फर्म को क्रयादेश दिया जायेगा ।
26. प्राप्त निविदा को किसी भी समय, बिना सूचना के पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत या रद्द करने का अधिकार संस्थान कुलपति महोदय को होगा ।
27. निविदादाता द्वारा दी गयी दर मे GST/अन्य कर व समस्त खर्च सम्मिलित होगें। निविदादाता निविदा भरते समय बीओक्यू में प्रत्येक आइटम की दरें तथा जीएसटी राशि भरे, अगर किसी निविदादाता के द्वारा जीएसटी राशि नहीं भरी जाती है तो उस राशि को पूर्ण जीएसटी राशि सहित ही माना जावेगा।

28. फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, **मानद विश्वविद्यालय, जयपुर** को लिखित में निविदादाता द्वारा दी जाएगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले के सदस्य/सदस्यों को मुक्त नहीं किया जाएगा।
29. संविदा के सम्बन्ध में फर्म के किसी भी भागीदार/भागीदारों को निविदादाता द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि इसकी समस्त शर्तो को मानने के लिए लिखित रूप से बाध्य नहीं हो जाते एवं कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, **मानद विश्वविद्यालय, जयपुर** को इस सम्बन्ध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नहीं कर देते।
30. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार टी.डी.एस. राशि काटी जायेगी, जिसके लिये फर्म को निविदा के साथ **पेन कार्ड** की फोटो कॉपी संलग्न करनी होगी । फर्म द्वारा बिल/इनवाईस तीन प्रतियों में एवं जीएसटी नियमानुसार Bill संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।
31. Specimen Storage Glass Jars की आपूर्ति टुकडों में स्वीकार नहीं होगी निर्धारित अवधि (30 दिवस) में एक साथ करनी होगी। विशेष परिस्थितियों में फर्म के अनुरोध पर सप्लाई की अवधि बढाने का अधिकार कुलपति महोदय, राष्ट्रीयआयुर्वेद संस्थान, जयपुर को होगा। फर्म द्वारा सप्लाई की अवधि बढाने हेतु अनुरोध निर्धारित आपूर्ति दिनांक से पूर्व करना होगा। विलम्ब से प्राप्त माल को पेनल्टी सहित स्वीकार करने या अस्वीकृत करने का अधिकार संस्थान कुलपति महोदय को होगा । विलम्ब से माल को संस्थान द्वारा स्वीकार किये जाने पर फर्म से निम्नानुसार पेनल्टी वसूल की जावेगी :–
    - (अ) **15 दिवस तक विलम्ब** पर विलम्ब से सप्लाई किये गये माल की कीमत का 0.5 **प्रतिशत प्रति सप्ताह** ।
    - (ब) **15 दिवस से अधिक (अधिकतम 30 दिवस तक) विलम्ब पर** विलम्ब से सप्लाई किये गये माल की कीमत का **10 प्रतिशत**।
    - (स) आपूर्तिकर्ता द्वारा पेनल्टी की अवधि समाप्त होने तक माल की आपूर्ति नही किये जाने की स्थिति में/कम आपूर्ति किये जाने की स्थिति में संस्थान द्वारा बाजार से माल क्रय कर लिया जावेगा तथा मूल्य के अन्तर **की** राशि फर्म से पेनल्टी के रूप में वसूली जावेगी।
32. Specimen Storage Glass Jars की Non supply or Late supply or Less supply पर प्रत्येक बार शास्ति लगेगी।
33. फर्म की कोई भी शर्त मान्य नहीं होगी। यदि फर्म की ओर से निविदा शर्तों में कोई परिवर्तन या पालन नही किया जाता है तो कुलपति, राष्ट्रीयआयुर्वेद संस्थान,जयपुर को अमानत/सिक्यूरिटी राशि जब्त करने का अधिकार होगा ।
34. सप्लाई में हुई विलम्ब की अवधि की गणना करने में दिवस का अंश यदि वह 1/2 दिन से कम का है तो उसे छोड दिया जावेगा।
35. अनुबन्ध से उत्पन्न होने वाले सभी विवाद एवं अनुबन्ध निवर्तचन से सम्बन्धित सभी प्रश्न कुलपति महोदय राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा तय किये जावेगे एवं उसमें कुलपति महोदय राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा।
36. सभी विवादों के निपटारें हेतु न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ।

**M-13/31/2024-SR/Rate Contract for supply of Specimen Storage Glass Jars/2024-25**

## General Specifications for Specimen Storage Glass Jars

| S.N. | Items Name | Dimension in mm | Qty | Make |
|---|---|---|---|---|
| | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 200x125x125 | 10 | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| 2. | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 200x150x100 | 16 | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| 3. | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 250x165x140 | 15 | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| 4. | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 250x250x120 | **21** | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 360x150x100 | 10 | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| 6. | **Rectangular Museum Glass Jar with Lid** | 220x195x80 | 10 | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |
| **7.** | **Placental Jars** | **medium size** | **06** | **Jar made of 3.3 low expansion borosilicate Glass, top edges are flat ground and specially blown to give sturdiness and long life.** |

a. Technical committee has all rights to reject any product at any point of time and the rejected item must be replaced by the supplier as per requirement of the department.
b. This is a tentative quantity for 1 year; it can be decreased or increased.
c. Items will be procured according to the requirement throughout the year.

**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

मैनें/हमने उपरोक्त समस्त शर्तो को ध्यानपूर्वक पढकर अच्छी तरह समझ लिया हैं तथा समस्त शर्तो की पालना हेतु बाध्य हूँ/है ।

**हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर**

500/-के नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर

**अनुबन्ध–पत्र**

1. यह करार आज दिनांक ________________ M/s ________________ जो कि (अनुमोदित वितरक) प्रथम पक्ष कहलायेगा तथा जहाॅ पर इस प्रकार का प्रसंग आवेगा इसमें उसका उत्तराधिकारी निष्पादन एवं प्रशासक भी शामिल होगा एवं **दूसरी** ओर से द्वितीय पक्ष कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, **मानद विश्व विद्यालय** ,जयपुर जिसका की अर्थ प्रसंग आने पर कार्यालय में उनके उत्तराधिकारी से होगा, के बीच सम्पन्न किया गया।
2. चूॅंकि M/s ________________ (अनुमोदित वितरक) कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर पर आदेशित Specimen Storage Glass Jars की आपूर्ति करने पर सहमत हो गया है। अतः इसके संलग्न अनुसूची में Specimen Storage Glass Jars का **विवरण मय** नाम, **दरों इत्यादि का** उल्लेख अनुसूची के कॉलम 2 - 4 में किया गया है।
3. चूॅंकि M/s __________________ (अनुमोदित वितरक) ने रूपये ________________ का **डी.डी.** संख्या ________________ दिनांक ________________ जो अनुबन्ध के उचित परिपालन के प्रयोजन के लिए प्रतिभूति के रूप में जमा कर दिये हैं।
4. वे साक्षियॉ प्रस्तुत करते हैं कि :–

   एतद् संलग्न अनुसूची में दी गई दरों पर कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये किये जाने वाले भुगतानों को ध्यान में रखते हुये M/s ______________________अनुमोदित वितरक) Rate Contract for Supply of Specimen Storage Glass Jars की निविदा दिनांक __________ **की** शर्तों में व दिये गये तरीकों के अनुसार संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 में वर्णित Specimen Storage Glass Jars की कॉलम संख्या 5 में दी गई अवधि में उचित **आपूर्ति** का कार्य करेगा।

   a. निविदा विज्ञापन संख्या __________________________ दिनांक ________________ के साथ तथा अनुबन्ध के साथ भी संलग्न निविदा की शर्तो को इस अनुबंध के एक भाग के रूप में समझा जावेगा, जो इस अनुबन्ध को करने वाले दोनों पक्षों द्वारा मान्य होगा।
   b. निविदादाता M/s _____________________ (अनुमोदित वितरक) से प्राप्त पत्र दिनांक ______________________________ , और संस्थान द्वारा जारी पत्र क्रमांक ________________ ________________दिनांक ________________ **एवं निविदा विज्ञापन संख्या** ________________ ________________ **दिनांक:** ________________ **के साथ संलग्न दस्तावेज व उन मे वर्णित टेन्डर से संबंधित सभी शर्ते** इस अनुबन्ध पत्र के अंश होगें।
   c. संस्थान एतद् द्वारा इस बात पर सहमत होता है कि M/s _______________________ (अनुमोदित वितरक) उक्त तरीके से उपयुक्त Specimen Storage Glass Jars **की आपूर्ति का** कार्य ठीक प्रकार से करेगा तथा निविदा की शर्तो को ध्यान में रखेगा एवं उनका पालन करेगा तो संस्थान M/s __________________ (अनुमोदित वितरक) द्वारा Specimen Storage Glass Jars के लिये प्रेषित **बिलों** की देय राशि का उक्त शर्तो में दिये समय पर एवं उसमें बताये गये ढंग से कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के जरिये भुगतान करेगा अथवा करायेगा।

5. भुगतान पी एफ एम एस (सार्वजनिक वित्तीय प्रबन्धन सेवा) के माध्यम से होगा।

6. आपूर्तिकर्ता M/s ________________________ (अनुमोदित वितरक) को दिए गए Specimen Storage Glass Jars के कार्य आदेश की दिनांक से 30 दिवस मे एक साथ आपूर्ति करनी होगी तथा आपूर्ति टुकडों में स्वीकार नहीं होगी। विशेष परिस्थितियों में फर्म के अनुरोध पर आपूर्ति की अवधि बढाने का अधिकार कुलपति महोदय, राष्ट्रीयआयुर्वेद संस्थान, जयपुर को होगा। फर्म द्वारा आपूर्ति की अवधि बढाने हेतु अनुरोध निर्धारित आपूर्ति दिनांक से पर्याप्त समय पूर्व करना होगा । विलम्ब से प्राप्त Specimen Storage Glass Jars की आपूर्ति विलंब शुल्क (LD) सहित स्वीकार करने या अस्वीकृत करने का अधिकार संस्थान कुलपति महोदय को होगा । विलम्ब से Specimen Storage Glass Jars को संस्थान द्वारा स्वीकार किये जाने पर फर्म निम्नलिखित प्रकार से पैनल्टी वसूली जाएगी ।

(अ) 15 दिवस तक विलम्ब पर विलम्ब से सप्लाई किये गये माल की कीमत का 0.5 प्रतिशत **प्रति सप्ताह** ।
(ब) 15 दिवस से अधिक (अधिकतम 30 दिवस तक) विलम्ब पर विलम्ब से सप्लाई किये गये माल की कीमत का 10 प्रतिशत।
(स) आपूर्तिकर्ता द्वारा पेनल्टी की अवधि समाप्त होने तक माल की आपूर्ति नही किये जाने की स्थिति में/कम आपूर्ति किये जाने की स्थिति में संस्थान द्वारा बाजार से माल क्रय कर लिया जावेगा तथा मूल्य के अन्तर **की** राशि फर्म से पेनल्टी के रूप में वसूली जावेगी।

7. यदि M/s ________________________ (अनुमोदित वितरक) अनुबन्ध में निर्धारित समयावधि में किन्हीं व्यवधान के कारण Specimen Storage Glass Jars **प्रदान** करने में असफल रहता हैं तो **उसे** व्यवधान उत्पन्न **होने पर पर्याप्त समय रहते** ही कुलपति महोदय राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर को तुरन्त लिखित में अवगत कराना चाहिए।

8. M/s ________________________ (अनुमोदित वितरक) का कार्य सन्तोषजनक होने पर आपसी सहमति से कुलपति महोदय की स्वीकृति उपरांत अनुबन्ध अवधि प्रति वर्ष एक–एक **वर्ष** करके **अधिकतम** 03 वर्ष तक **सामान दरों एवं नियम शर्तों पर** बढायी जा सकती है तथा रेट कॉन्ट्रेक्ट की अवधि कम करने एवं बढ़ाने का अधिकार श्रीमान कुलपति महोदय को होगा।

9. अनुबन्ध से उत्पन्न होने वाले सभी विवाद एवं अनुबन्ध निर्वचन (Interpretation) से सम्बन्धित सभी प्रश्न कुलपति, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा तय किये जावेगे एवं उसमें कुलपति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर का निर्णय अन्तिम होगा।

प्रथम पक्ष (आपूर्तिकर्ता फर्म)

द्वितीय पक्ष (कुलपति के प्रतिनिधि)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर

दिनांक -----

साक्षी संख्या 1

नाम :

पिता का नाम :

आधार संख्या :

मोबाईल नम्बर :

साक्षी संख्या 1

पूर्ण पता :

साक्षी संख्या 2 साक्षी संख्या 2

नाम :

पिता का नाम :

आधार संख्या :

मोबाईल नम्बर :

पूर्ण पता :

**अनुसूची**

| क्र.सं. | Specimen Storage Glass Jars with dimension | मात्रा | अनुमोदित दर | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 01. | | | | |